>

Title: Need to restore flight services from Jagdalpur in Bastar, Chhattisgarh.

श्री दीपक बैज (बस्तर): अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ का बस्तर जिला रायपुर राजधानी से तीन सौ किलोमीटर से अधिक दूरी पर है । वहां आवागमन का एकमात्र साधन सड़क मार्ग है । पिछले वर्ष 2018 में माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा हवाई यात्रा का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर किया गया था, लेकिन एक सप्ताह चलने के बाद ही वह बंद हो गया, जिससे बस्तर की जनता काफी निराश है । इसलिए मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करता हूं कि रायपुर से जगदलपुर के बीच हवाई सेवा को पुनः चालू किया जाए जिससे बस्तरवासियों को भी हवाई सेवा का लाभ मिल सके ।